# अमेरिकी उद्योग भारत में निवेश को लेकर उत्साहित

**बोस्टन/वाशिंगटन | एजेंसियां**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी बैठक के दौरान भारत में निवेश के अवसरों, सुधारों और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अमेरिकी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था और देश में जारी सुधारों में अपना विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे भारत में निवेश को लेकर उत्साहित हैं।

सीतारमण वाशिंगटन में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक हफ्ते की लंबी अमेरिकी यात्रा पर हैं। अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान सीतारमण के अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन से मिलने की भी उम्मीद है।